भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5160
24.03.2026 को उत्तर के लिए नियत

नई औद्योगिक परियोजनाएं

5160. **श्री मुरारी लाल मीना:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देशभर में और विशेष रूप से राजस्थान में भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों द्वारा अनुमोदित नई औद्योगिक परियोजनाओं की संख्या कितनी है और उनका सेक्टर-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) इन अनुमोदित परियोजनाओं के अंतर्गत अब तक कुल कितना पूंजीगत निवेश किया गया है और उनके माध्यम से सृजित/सृजित होने वाले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों की संख्या कितनी है;
(ग) क्या दौसा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में किसी औद्योगिक इकाई, विनिर्माण क्लस्टर, आनुषंगिक उद्योग की स्थापना या विस्तार परियोजना के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो राजस्थान में घोषित औद्योगिक गलियारों की संख्या, दौसा क्षेत्र के निकट घोषित गलियारों और उनकी प्रगति की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार जनजातीय क्षेत्रों, अर्ध-शहरी क्षेत्रों और कम औद्योगिक विकास वाले क्षेत्रों में भारी उद्योगों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन नीतियां, वित्तीय सहायता और बुनियादी ढांचा सहायता प्रदान कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) और (ख): भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन प्रचालनरत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम (सीपीएसई) विस्तार तथा नए उत्पादों के विनिर्माण के उद्देश्य से नए संयंत्रों और मशीनरी की स्थापना हेतु पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) करते हैं। पिछले 3 वित्त वर्षों के दौरान केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम-वार किया गया निवेश/पूंजीगत व्यय निम्नानुसार है:-

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम	2022-23	2023-24	2024-25
1.	एंड्र्यू यूल एंड कंपनी लिमिटेड	42.6900	20.2700	8.2400
2.	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	262.00	287.00	536.00
3.	ब्रेथवेट, बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन लिमिटेड	3.5226	0.4764	0.3476
4.	ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड	5.7264	4.1678	2.4204
5.	सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	4.7190	55.9367	21.0924
6.	इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड	0.8871	0.4402	0.3154
7.	हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	5.1652	0.0262	0.00
8.	एचएमटी लिमिटेड	1.5100	0.6400	0.0100
9.	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड	6.9100	3.9800	2.2000
10.	एचएमटी (इंटरनेशनल) लिमिटेड	0.0443	0.0223	0.0022
11.	हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड	0.4149	1.6546	0.0199
12.	सांभर साल्ट्स लिमिटेड	4.7085	9.2352	5.1193
13.	इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड	1.3668	0.5854	0.6201
14.	नेपा लिमिटेड	0.7700	4.3349	0.8524
15.	राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड	0.0890	0.1672	0.0743
16.	रिचर्डसन एंड क्रूडस (1972) लिमिटेड	0.0571	0.0033	0.0949
	कुल	**340.5809**	**388.9402**	**577.4089**

(ग) और (घ): वर्तमान में भारी उद्योग मंत्रालय के तहत ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****